मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई एचपीपीसी की बैठक

चर्चा में क्यों?

21 जनवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली कुल 92 करोड़ रुपए से अधिक की वस्तुओं की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई।

प्रमुख बिंदु

- एचपीपीसी की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि बैठक में सिंचाई, पुलिस, परिवहन, हारट्रॉन, हरियाणा पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कुल 8 एजेंडा रखे गए थे, जिसमें से 5 एजेंडे को मंजूरी दी गई।
- उन्होंने बताया कि विभिन्न कंपनियों से नेगोशिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 3 करोड़ रुपए को बचत की गई है।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि थर्मल पावर प्लांट में प्रदूषण को कम करने के लिये डी-नॉक्स कंबयूशन कॉडफिकिशन सिस्टम लगाने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई है। इसके अलावा हरियाणा में विभिन्न विभागों, बोर्डों व निगमों में इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिये भी आज मंज़ूरी प्रदान की गई है।
- उन्होंने बताया कि सरकारी परियोजनाओं के लिये भूमि की आवश्यकता हेतु ई-भूमि पोर्टल बनाया गया है, जो बेहद कारगर साबित हो रहा है। इस पोर्टल पर सरकार की ओर से परियोजनाओं के लिये ज़मीन की आवश्यकता की जानकारी भरी जाती है और किसान तथा एग्रीगेटर्स अपनी ज़मीन का ऑफर देते हैं।
- भू-मालिकों से बातचीत कर उनकी सहमति से ज़मीन खरीदी जा रही है। अब तक लगभग 1000 एकड़ भूमि की खरीद इस पोर्टल के माध्यम से की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hppc-meeting-held-under-the-chairmanship-of-chief-minister